

अनौपचारिका

समकालीन शिक्षा-चिन्तन की मासिक पत्रिका

गांधी की याद और दीपावली की शुभकामनाएं

वर्ष : 52 अंक : 10 आश्विन-कार्तिक वि.सं. 2082 अक्टूबर, 2025 पृष्ठ-28 RNI 43602/77 ISSN No.2581-981x

शिक्षा की अलख

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति का शिक्षा का अलख जारी है। किसी समय साक्षरता का अलख था तो अब वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, जेंडर साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, अहिंसा की साक्षरता जैसे विषय पर काम होता है। अब वयस्क का अर्थ 17 से 35 आयु वर्ग का युवा है।

जयपुर के पास बंबाला बस्ती में राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सचिव हिमांशु व्यास ने समिति के सहयोगियों के साथ शिविर लगाया।

स्वस्थ दिनचर्या

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति की 'शिक्षा की अलख' परियोजना के तहत समिति की कार्यक्रम अधिकारी बटीना मलिक और समिति की सहयोगी प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. दीपाली अग्रवाल ने जयपुर के निकट बंबाला गाँव की सरकारी मिडिल स्कूल के बच्चों के साथ को स्वस्थ दिनचर्या तथा खानपान की आदतों में सुधार पर संवाद किया।

रामसिंह पुरा में

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति 'शिक्षा की अलख' की मुहिम के अंतर्गत जयपुर के निकट रामसिंह पुरा में भी महिलाओ के साथ साक्षरता पर प्रारंभिक संवाद हुआ।

समिति की कार्यक्रम अधिकारी बटीना मालिक की अगुवाई में गांव की महिलाओं के साथ संवाद हुआ जिसमें गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की शिक्षा देने के लिए कोई प्रशिक्षण केंद्र खोलने की संभावना खोजी गई।

वाणी

केचिदज्ञानतो नष्टाः केचिन्नष्टाः प्रमादतः।
केचिज्ज्ञानावलेपेन केचिन्नष्टैस्तु नाशिताः।।

-सुभाषित

कुछ लोग अपने अज्ञान से असफल हो जाते हैं।
कुछ लोग अपनी लापरवाही से असफल हो जाते हैं। कुछ अपने ज्ञान के घमंड से असफल हो जाते हैं, और ऐसे असफल लोग अन्य बहुत से लोगों का नाश कर देते हैं।

समानो मन्त्र: समिति: समानी समानं मन: सहचित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये व: समानेन वो हविषा जुहोमि।।
समानी व आकूति: समाना हृदयानि व:।
समानमस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति।। ऋग्वेद

अनौपचारिका

समकालीन शिक्षा-चिन्तन की पत्रिका

वर्ष : 52 अंक : 10 आश्विन-कार्तिक वि.सं. 2082 अक्टूबर, 2025 मूल्य : पचास रुपये

क्र म

वाणी

3. सुभाषित

संपादकीय

5. आधुनिक अर्थ व्यवस्था में गांधी की दृष्टि प्रासंगिक

लेख

7. अन्याय के विरोध का प्रतीक गांधी
– डॉ. नरेश दाधीच

11. सशक्त ही नहीं सुंदर भारत का भी निर्माण हो !
– निरुपमा मेनन राव

लेख

14. अस्सी के आचार्य : सादगी भरा समारोह
– नवल पाण्डेय

लेख

16. भविष्य में काम के केंद्र में मशीन नहीं इंसान होगा!
– अनीश रमन

व्याख्यान

18. लेखक भी अपनी रचना से गुरु की तरह सिखाता है ! **– ग्वाडालूप नेत्तेल**

शोध

20. मशीन बुद्धि उलटे-सीधे जवाब भी देती है
– अंजना आहूजा

पुस्तक चर्चा

22. सुनो गुलबिया अरज हमारी....
– मिथिलेश कुमार सिंह

शोध

25. इंसानी गतिविधियों का अन्य प्रजातियों पर असर!
– कार्ला ब्लाइकर

27. साक्षरता दिवस पर बीकानेर में संगोष्ठी



गांधी को नमन्

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति

7-ए, झालाना डूंगरी संस्थान क्षेत्र,

जयपुर-302004

फोन : 2700559, 2706709, 2707677

ई-मेल : raeajaipur@gmail.com

www.raea.in

संपादक :
राजेन्द्र बोड़ा

प्रबंध संपादक :
दिलीप शर्मा

संपादकीय

आधुनिक अर्थव्यवस्था में भी गांधी की दृष्टि प्रासंगिक

हमारे समय का संकट एक नैतिक संकट है। आज की समस्याओं का समाधान अमूर्त तर्क से नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन के यथार्थ से किया जा सकता है। गांधी अपने इस दृष्टिकोण में बिल्कुल सही थे कि जब तक बौद्धिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण नहीं बदलता, हम न तो जनकल्याण को बढ़ावा दे सकते हैं और न लोकतांत्रिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की स्थापना कर सकते हैं। गांधी अपनी इस धारणा में बिल्कुल स्पष्ट थे कि राज बदल जाने से लोग नहीं बदल जाते, हमें समाज को बदलना होगा और ऐसी परिस्थितियां बनानी होगी जिनमें राज्य का लोगों के जीवन में हस्तक्षेप कम से कम हो। इसीलिए समाज में बदलाव लाने के लिए जमीनी स्तर पर जनता के साथ काम करने का उनका कांग्रेस को आह्वान सही परिपेक्ष्य में समझा जा सकता है। गांधी ने कर्मकांड और आधुनिक समय की जरूरतों में बाधा बनने वाली रूढ़ियों की जगह सत्य और अहिंसा पर आधारित धार्मिक नैतिकता पर बल दिया। उसमें राजनीतिक पवित्रता भी शामिल थी। उनके लिए सत्य ही ईश्वर था और ईश्वर ही सत्य था। गांधी भारतीयों में खोए हुये आत्मविश्वास को पुनः स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे, जब तीन गोलियों ने उन्हें हमसे छीन लिया। हमारा संकट मुख्य रूप से आज भी वही बना हुआ है।

समाज को बदलने का प्रयास करने वाले गांधी हालांकि शंकराचार्य जैसे बुद्धिजीवी या विद्वान नहीं थे जिन्होंने बौद्ध धर्म से बुरी तरह हिल चुके धार्मिक चिंतन को पुनः स्थापित करने में सफलता प्राप्त की थी । गांधीजी का प्रयास पारंपरिक धर्म में नहीं, बल्कि एक मानवीय धर्म में आस्था के पुनर्निर्माण का था, क्योंकि भौतिकवाद से अभिभूत आधुनिक युग को सामाजिक जीवन के नए तरीकों की आवश्यकता थी। गांधी का मानना था कि सत्य और अहिंसा पर टिके रहकर हम आधुनिक सभ्यता में अपने को ढाल सकते हैं।

कार्ल मार्क्स ने अपनी फायरबाख पर प्रसिद्ध थीसिस में कहा था कि अब तक दार्शनिकों ने दुनिया की अलग-अलग तरीकों से व्याख्या की है, किन्तु अब अब दार्शनिकों के लिए दुनिया का पुनर्निर्माण करने का समय आ गया है। गांधी कोई दार्शनशास्त्री नहीं थे मगर उन्होंने मानवीय नजरिये से नई दुनिया के निर्माण में अपना जीवन लगा दिया था। एक बार नागरिक समाज का गठन हो जाने के बाद, उसे राजनीतिक और आर्थिक रूप से संगठित

करना आवश्यक होता है। इस प्रक्रिया में समाज अधिकाधिक जटिल होता चला जाता है। गांधीजी ने अपने तरीके से इन जटिलताओं को हल करने का रास्ता दिखाया।

महात्मा गांधी अर्थशास्त्र के छात्र नहीं थे और उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि उन्होंने स्मिथ, रिकार्डो, माल्थस या मिल जैसे अर्थशास्त्रियों के लेखन का गंभीरता से अध्ययन नहीं किया है। कोई 35 साल की उम्र में जब गांधी दक्षिण अफ्रीका में थे, तब उनके मित्र हेनरी पोलाक ने 1904 में उन्हें एक किताब दी थी जिसे गांधी ने जोहान्सबर्ग से डरबन तक की लंबी ट्रेन यात्रा में पढ़ कर पूरी की। यह किताब जॉन रस्किन की 'अनटू दि लास्ट' थी। गांधी ने बाद में स्वीकार किया, इस किताब ने उनके जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। इस किताब में रस्किन ने क्लासिकल अर्थशास्त्रियों, मुख्य रूप से एडम स्मिथ, डेविड रिकार्डो और जॉन स्टुअर्ट मिल की अवधारणाओं को चुनौती दी थी। स्मिथ की अवधारणा का आधार था कि व्यक्ति स्वाभाविक रूप से स्वार्थी होता हैं। मगर रस्किन का मानना था कि स्वार्थ कितना ही महत्वपूर्ण हो, मनुष्य में स्नेह भी होता है जो एक आंतरिक शक्ति का निर्माण करता है। गांधी के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीख यह थी कि श्रम का जीवन, यानी मिट्टी से जुड़े किसान और हस्तशिल्पकार का जीवन, जीने लायक जीवन है। भौतिक दुनिया का यह नैतिक दृष्टिकोण ही गांधी की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का मूल है।

गांधी का पहला विचार भारतीय गांवों पर ध्यान केंद्रित करना था, क्योंकि यहीं पर भारतीय आबादी का बड़ा हिस्सा रहता था। वह इन्हें आत्मनिर्भर गणराज्यों के रूप में विकसित करना चाहते थे। दूसरा, गांधी का मानना था कि भारत के सामने सबसे बड़ा मुद्दा प्रत्येक व्यक्ति को लाभकारी रोजगार उपलब्ध कराना है। चरखा उनके लिए एक प्रतीक से कहीं अधिक था क्योंकि यह अन्यथा बेरोजगार व्यक्ति को सार्थक रोजगार प्रदान करने का एक ठोस तरीका था। तीसरा, गांधी ने कहा कि मशीनरी एक शानदार लेकिन भयानक आविष्कार है। लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि वे मशीनरी के खिलाफ़ नहीं थे। वे मशीनरी की केवल इस हद तक आलोचना करते थे कि इसने श्रम को विस्थापित कर दिया। चौथा, गांधी पूरी तरह से इच्छाओं की सीमा के पक्षधर थे। आधुनिक पूंजीवाद मुख्य रूप से वस्तुओं और सेवाओं के बड़े पैमाने पर उपभोग के बारे में है। गांधीवादी दृष्टिकोण में, बस कुछ ही पर्याप्त होंगे। पांचवां, गांधी के लिए अर्थशास्त्र एक ऐसा मानक विषय था जो अनिवार्य रूप से नैतिकता और नैतिकता की धारणा से जुड़ा हुआ था। गांधी का आर्थिक सिद्धांत भारतीय वस्तुगत परिस्थितियों की उनकी अपनी समझ से उभरा था। गांधी के विचारों के दो और पहलू विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। गांधी ने पूंजीपति वर्ग के लिए ट्रस्टीशिप की अवधारणा दी थी, और अपेक्षा की थी कि वे अपने संयंत्र और मशीनरी तथा अपनी संपत्ति का उपयोग आम तौर पर अपने निजी उपयोग के लिए नहीं, बल्कि सार्वजनिक उद्देश्य और आम जनता की भलाई के लिए करेंगे। उनका मानना था कि इससे ऐसा रामराज्य आएगा, जिसमें राजा और भिखारी दोनों के अधिकार समान रूप से सुनिश्चित होंगे। गांधी ने जो सवाल उठाए थे, वे आज भी प्रासंगिक हैं। गांधी की दृष्टि आज भी आधुनिक अर्थशास्त्र को एक नया मोड़ दे सकती है।❑

अन्याय के विरोध का प्रतीक गांधी

डॉ. नरेश दाधीच

यह आलेख गांधी के अध्येता, शिक्षाविद्, पूर्व कुलपति नरेश दाधीच की किताब के विमोचन के अवसर पर उनके द्वारा दिये गये वक्तव्य का थोड़ा सा संपादित रूप है जिसमें वे उन कारणों की पड़ताल कर रहे हैं कि आज की युवा पीढ़ी क्यों गांधी की ओर आकर्षित नहीं हो रही है जबकि बापू के सारे आंदोलन मुख्य रूप से युवाओं को साथ लेकर ही थे। सं.

आज सब जगह यह चर्चा होती है कि युवा पीढ़ी गांधी से विमुख क्यों हो रही है? युवा पीढ़ी को गांधी में आकर्षण नज़र नहीं आता। यह आश्चर्य की बात है। गांधी ने जो आंदोलन चलाया वह सारा युवाओं के माध्यम से ही चलाया। गांधी के आंदोलनों ने जितने भी नये नेता तैयार किये, चाहे नेहरू हों, चाहे मौलाना आज़ाद हो, चाहे राजेन्द्र बाबू हो चाहे कृपलानी जी, चाहे जयप्रकाश नारायण हो, वे सभी गांधी से 15-20 बरस छोटे थे। वे सब गांधी की ओर आकर्षित हुए और उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में हिस्सेदारी निबाही। सवाल उठता है कि वह गांधी, जो राष्ट्रीय आंदोलन में युवाओं का लीडर था वह आज युवाओं का लीडर क्यों नहीं हो रहा है? हमें उसके कारणों में जाना चाहिए।

गांधी को भारत में लोग अलग तरह से देखते हैं और दुनिया में गांधी को अलग तरह से देखा जाता है। हमारा गांधी – भारत का गांधी – 1920 से आरंभ होता है। 1920 से 1947 तक का जो समय है उसको हम 'गांधी युग' मानते हैं। एक अगस्त 1920 को गांधी ने असहयोग आंदोलन की घोषणा की थी। तब गांधी ने कांग्रेस की सहमति नहीं ली थी। वे तब तक अपने आप में एक बड़े नेता बन चुके थे। तब तक गांधी को भरोसा हो गया था कि अंग्रेजों का शासन भारत के लिए किसी भी प्रकार से ठीक नहीं है – आर्थिक रूप से भी, सामाजिक रूप से भी, और राजनीतिक रूप से भी। उन्होंने कहा कि इस शासन का बॉयकाट किया जाए, असहयोग किया जाए। उन्होंने कहा इनके विश्वविद्यालयों, कालेजों में हम नहीं जाएंगे, इनके मैनचेस्टर में बने कपड़ों को हम नहीं पहनेंगे, इनके कपड़ों की होली जलाएंगे, इनके कानूनों का विरोध करेंगे, हड़ताल करेंगे, बंद करेंगे, स्वदेशी आंदोलन चलाएंगे और अंग्रेजी शासकों को भारत से चले जाने का कहेंगे। कांग्रेस तब तक इसमें शामिल नहीं हुई थी। कांग्रेस का एक विशेष अधिवेशन कलकत्ता में बुलाया गया जिसमें गांधीजी का यह प्रस्ताव रखा गया। कांग्रेस को यह फैसला करना था कि क्या उसे नॉन-कोऑपरेशन की नीति को अपनाना चाहिए या अंग्रेजों का विरोध करते हुए पेटीशन्स देते रहने, बहस करते रहने की अपनी पुरानी नीति अपनाये रखनी



चाहिए। उस समय मोहम्मद अली जिन्ना कांग्रेस के बहुत बड़े लीडर थे। जब 1915 में गांधी भारत आये थे तब 'सर्वेन्ट ऑफ इंडिया' ने बॉम्बे में उनका बहुत बड़ा स्वागत किया था। इस स्वागत के ऑर्गनाइज़र मोहम्मद अली जिन्ना थे।

1920 के सितंबर में कलकत्ता में कांग्रेस का जो विशेष अधिवेशन बुलाया गया उसमें गांधी के प्रस्ताव पर बहस हुई। वहां बहुमत युवाओं का था। उन सब ने गांधी के प्रस्ताव को स्वीकार किया। जिन्ना जब विरोध में बोलने को खड़े हुए तो उनको हूट किया गया। उनको बोलने नहीं दिया गया। जिन्ना ने गुस्से में कहा 'यह क्या हो रहा है? ऐसे कोई देश को आज़ादी मिलेगी क्या!' उन्होंने बहुत से डेलीगेट्स से बाद में पूछा कि आप गांधी की बात को सपोर्ट क्यों कर रहे हो। वह कह रहा है वस्त्रों को जलाया जाए, यूनिवर्सिटी में पढ़ने नहीं जाया जाए। वह कह रहा है सड़कों पर हड़ताल की जाए। कोई देश आज़ाद होते हैं क्या? तो युवा डेलीगेट्स ने जिन्ना से कहा कि हमें नहीं पता कि ऐसा करने से देश आज़ाद होता है कि नहीं। मगर हमें पता है कि हमें गांधी में विश्वास है। यह भरोसा है कि गांधी हमारे हित में ही काम करता है। इसलिये गांधी अगर कहते हैं कि हमें यह करना है तो हमें यह करना है। तब यह जुमला आया कि 'मजबूरी का नाम महात्मा गांधी।' हम गांधी की बात को समझ नहीं पा रहे हैं। लेकिन गांधी जी पर हमें पूरा विश्वास है।

यह लगभग वैसी ही बात है कि जैसे छोटे बच्चों को जब मां-बाप समझाते हैं कि मेहनत से पढ़ाई करो, बड़े होकर तुम्हें कलेक्टर बनना है, तुम्हें बड़ा आदमी बनना है। चौथी-पांचवीं कक्षा के बच्चे नहीं समझ पाते कि उस क्लास की परीक्षा पास करके वे कलेक्टर कैसे बनेंगे। लेकिन उनमें अपने मां-बाप पर भरोसा है कि वे उनके हित में ही कुछ कह रहे होंगे। भले ही उसका मन नहीं मानता है, उन्हें लॉजिक समझ में नहीं आता है। लेकिन वे कहते हैं कि क्या करें? मजबूरी का नाम मां-बाप है। वे जो कह रहे हैं मानना पड़ेगा। हमारे हित में ही कह रहे हैं। तो मजबूरी का नाम महात्मा गांधी उस महान आत्मा को दी गई एक श्रद्धा का नाम है। वह मज़ाक नहीं है। जब जिन्ना ने कहा कि क्या कर रहे हो! यह तो मजबूरी का नाम महात्मा गांधी है। इसलिये मैं इस कांग्रेस को छोड़ कर चला जाता हूं। और वे इंग्लैंड चले गये।

1920 के दिसम्बर में कांग्रेस का जो रेगुलर सेशन नागपुर में हुआ उसमें इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया और यह भी जोड़ा गया कि अब से कांग्रेस का उद्देश्य पूर्ण स्वराज को प्राप्त करना है। और हम गांधी को पूर्ण शक्ति देते हैं कि वो इसको प्राप्त करने के लिए जो करे हम उनके साथ हैं। इसके बाद से यह माना गया कि उस 1920 से गांधी युग शुरू हो गया। देश में ब्रिटिश सरकार से लड़ाई करने वाली जो सबसे बड़ी संस्था कांग्रेस थी और गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े नेता स्थापित हो गये।

आज के लोग, खासकर बच्चे कहते हैं कि हम नहीं मानते कि गांधी नेता थे। लेकिन आपको मालूम होना चाहिए कि कोई नेता कौन होता है? किसी नेता की मान्यता कैसे होती है? नेता वह नहीं होता जिसके पीछे लोग होते हैं। यह तय होता है वह जिसके विरुद्ध लड़ाई लड़ रहा है वह उसको नेता मानता है कि नहीं। नेता को मान्यता प्रतिद्वंद्वी से मिलती है, न कि अनुयायियों से। 1920 से 1947 तक अंग्रेज सरकार जब-जब भी बात करना चाहती थी कि भई क्या करें, झगड़ा कैसे खत्म करें तो कहते थे गांधी से मिलो। 1920 से 1947 तक सात वॉयसराय आये और सातों वॉयसरायों ने दिल्ली में आने के बाद सबसे पहले यह पूछा कि भई गांधीजी से कैसे मिला जाए? गांधी से सबसे पहले बात करनी है।

जवाहरलाल नेहरु जब जेल में थे तो उनके पास इंग्लैंड से एक उनके मित्र की एक चिट्ठी आई। यह 1940 के आसपास की बात है। चिट्ठी में उसने नेहरू से पूछा कि मैं भारत को जानना चाहता हूं। आप मुझे बताइए मैं कहां-कहां पर जाऊं और किन-किन लोगों से मिलूं जिससे कि मुझे पता चले कि भारत क्या चाहता है? क्यों वह अंग्रेजों से लड़ाई कर रहा है? नेहरू ने उस पत्र का जवाब दिया कि आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आप सीधे वर्धा चले जाइये और सात दिन महात्मा गांधी के आश्रम में रहिये। सात दिन में आपको मालूम पड़ जाएगा। भारत जो चाहता है वह वही है जो गांधीजी चाहते हैं। गांधी को मालूम है कि भारत क्या चाहता है। इसलिये हम भी गांधी की कई बातों को

समझते नहीं हैं। हम विरोध करते हैं। लेकिन फिर भी कहते हैं कि भई गांधीजी ने कहा है। इनको ज्यादा पता है, क्योंकि दुनिया इनकी बात मानती है।

1945 में इंग्लैंड के अखबार डेली गार्जियन का संवाददाता भारत आया। उसने नेहरुजी से बात की। उसने कहा नेहरू जी एक बात बताइए कि गांधी ने 1934 में कांग्रेस छोड़ दी थी और आप तब तक सारे लोग बड़े-बड़े नेता हैं जिनको मालूम है कि क्या करना चाहिए, मगर आप लोग फिर भी किसी निर्णय को लेने से पहले वर्धा क्यों जाते हो, गांधीजी से क्यों मिलते हो, उनकी सलाह क्यों लेते हो जबकि आप स्वयं सक्षम हो? वो तो कुछ करते ही नहीं वो तो आश्रम में रहते हैं। तो नेहरू ने कहा कि आप जो कह रहे हो वह बिल्कुल सही है। हम सब पढे-लिखे हैं। बड़े महान लोग हैं। लेकिन हम में और गांधी में एक बहुत बड़ा अंतर है जिसको हम पाट नहीं पा रहे है, और वह अंतर यह है कि जब हम किसी बात के लिए कहते हैं तब जनता हमें शंकालु दृष्टि से देखती है कि हम सही कह रहे है या नहीं। मगर जब गांधी कहते हैं तब सब कहते हैं बिल्कुल सही कह रही हैं और सब साथ हो लेते हैं। गांधी अगर कहता है हड़ताल करनी है तो हम हड़ताल पर चले जाएंगे। गांधी कहता है हड़ताल नहीं करनी है तो नहीं करेंगे।

1922 का किस्सा तो सबको पता ही है। चौरी चौरा में जब हिंसा हो गई तो गांधी को सात दिन बाद मालूम हुआ तो उन्होंने कहा मैं आंदोलन को स्थगित करता हूं। कांग्रेस के सारे नेता इसके विरोध में थे। आज भी यह बात की जाती है। सब की राय थी कि पीक पर पहुंच चुका है आंदोलन इसे वापस मत लीजिए। एक छोटी सी घटना हो गई है उसको आप पूरे देश पर क्यों लागू कर रहे हो? तो गांधी ने कहा कि मेरे लिए छोटी घटना नहीं। मेरे लिए अहिंसा महत्वपूर्ण है। अगर आप लोग इस आंदोलन को आगे चलाना चाहते हैं तो चलाइए। मैं मना नहीं कर रहा हूं। किसी नेता की हिम्मत नहीं थी कि वो उस आंदोलन को आगे चला सके। क्योंकि सबको मालूम था कि सिर्फ गांधी की बात जनता मानती है, हमारी बात को नहीं।

1920 के बाद गांधी ने तीन बड़े आंदोलन किए। 1920 का असहयोग आंदोलन, 1930 का नमक सत्याग्रह और 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन। इन तीन आंदोलनों के बीच जनता राजनैतिक कार्यों में कैसे जुड़ी रही? उसके लिए गांधी ने नवीन तकनीक निकाली जिसकी शुरुआत 1920 से ही हुई। अंग्रेजों के शासन को आर्थिक रूप से कमजोर करना है तो मैनचेस्टर से जो कपड़े आते हैं उनका उपयोग बंद करें। जब गांधीजी 1931 में इंग्लैंड गये तब मैनचेस्टर भी गये और वहां के कर्मचारियों से कहा मैं आपसे माफी मांगता हूं कि हमने आपके कपड़ों का बॉयकाट किया। लेकिन वह हमारे लिए जरूरी था। नहीं तो हम जीवित नहीं बचते।

जब बाहर के कपड़ों का बॉयकाट करेंगे तो हम क्या पहनेंगे? उन्होंने स्वदेशी आंदोलन शुरू किया और कहा हमें खादी पहननी है। खादी कैसे बनेगी? हम खुद चरखे कातेंगे। गांधी ने 1918 से पहले चरखा देखा तक नहीं था। 1920 से पहले उन्होंने कभी खादी नहीं पहनी थी। उन्होंने खादी, चरखा और वैष्णव जन तो तेने कहिये गाना, सुबह शाम कीर्तन करना तथा स्वच्छता जैसे बहुत सारे कार्यक्रम शुरू किए। उन सब के लिए उन्होंने अलग अलग संगठन बनाए। वे संगठन राजनीतिक नहीं थे। मगर सबके प्रस्ताव कांग्रेस से पारित करवाए। लेकिन उन सब को कांग्रेस से बाहर गैर राजनीतिक संगठन बनाया। वो सारे कार्यक्रम इसलिये बनाए गये कि जब जब लोग राजनैतिक कार्यों से थक जाएं या कोई राजनैतिक प्रश्न सामने नहीं हो तो बाहर जाकर वो अपना सामाजिक कार्य करते रहें। और जब जरूरत हो कांग्रेस को, जब लड़ने की जरूरत हो राजनीति में तो वह सब एक साथ उसमें आ जाएं। जैसा कि 1930 में उन्होंने किया। जैसा कि 1942 में उन्होंने किया।

गांधी की यह तकनीक आरएसएस के हेगड़ेवार ने समझी और उसके महत्व को पहचाना। हेगड़ेवार ने 1920 में असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया था। बाद में वे छोड़ कर चले गये। उनको यह बात समझ में आई कि अगर राजनीति भी करनी है तो पहले समाज के सभी पक्षों के अलग अलग जगहों पर लोगों को भेजिये उनकी योजनाएं बनाइये उनके संगठन बनाइये और जब राजनीति की आवश्यकता हो तब सबको अपने साथ ले लीजिए। आरएसएस ने इस तकनीक को अपना लिया मगर कांग्रेस ने उसे छोड़ दिया।

जब भारत आजाद हुआ तब यह प्रश्न सामने आया कि अब गांधी को कैसे जनता के सामने प्रस्तुत किया जाए, उसे कैसे प्रोजेक्ट किया जाए। तो

संविधान सभा में बहस हुई थी उसमें कहा गया कि गांधी के असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे जो मेथड्स थे इन्हें अब बैन कर दिया जाना चाहिए। क्योंकि अब भारत आज़ाद हो गया है, संविधान बन गया है। आपको प्रोटेस्ट करना है तो आपको संविधान ने बहुत सी चीजें दी है। आप अदालत का दरवाजा खटखटाया सकते हैं। सांसद और विधायकों पर प्रेशर डाल सकते हैं। आप चाहो तो पांच साल बाद सरकार को बदल सकते हो। आपको हड़ताल करने की क्या जरूरत है? शासन में बैठे लोग हमारे ही तो लोग हैं। सत्याग्रह, हड़ताल आदि पर बैन लगा देना चाहिए। तो फिर गांधी का क्या करें? गांधी का जो राजनैतिक पक्ष है उसे अलग कर दो और जो दूसरा पक्ष है, जो कंस्ट्रक्टिव प्रोग्राम गांधी ने बताया था उसे जनता तक पहुंचाया जाए। तो पूरे देश में गांधी भवन बने, विश्वविद्यालयों में गांधी संस्थान बने, कहीं गांधी के म्यूजियम बने गांधी की मूर्तियां लगाई गई।

हम धार्मिक व्यक्ति हैं। हम जन्माष्टमी मनाते हैं, राम नवमी मनाते हैं शिवजी का त्योहार मनाते हैं, महावीर जयंती मनाते है। तो हमने कहा गांधी जयंती भी होनी चाहिए। तो 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने लगे। क्या करें? पीछे गांधी की फ़ोटो लगा लें, चरखा लेकर बैठ जाएं खादी पहन लें और गायें वैष्णव जन तो तेने कहिए। अगर कोई हमको थप्पड़ मारने को आये तो हम अपना दूसरा गाल भी सामने कर दें। शांति बनाए रखें। पिछले 70 वर्षों में एक पार्टी नहीं, सारी पार्टियां इस में शामिल हो गई। सब इस पर सहमत है। क्योंकि गांधी उनको डिस्टर्ब नहीं करता। गांधी सत्ता को चुनौति नहीं देता। सभी इस बात पर सहमत हैं कि गांधी को ऐसे ही प्रोजेक्ट किया जाए।

आज की पीढ़ी वह है जो रात भर खड़ी रहती है आईफोन 17 लेने के लिए। वो क्या ऐसे गांधी को स्वीकार करेगी? वो तो यही मानेगी कि ये तो बूढ़ों का काम है। गांधी ने ये सब काम इसलिए किये थे जिससे वे इनका उपयोग राजनीति के लिए किया जा सके। लेकिन आज हम कहते हैं कि इनका राजनीति से कोई सम्बन्ध नहीं है। राजनीति के लिए तो चुनाव में वोट दे दो, मत दो। गांधी अलग चीज है। अगर गांधी अलग चीज है तो युवा इससे प्रभावित नहीं होगा।

लेकिन दुनिया में गांधी को ऐसा नहीं माना जाता। दुनिया में आज 195 देश हैं जिनमें से 102 देशों में गांधी की मूर्तियां लगी हुई है। यह हिसाब लगाया गया है कि दुनिया में केवल ईसा मसीह की मूर्तियां गांधी की मूर्तियों से ज्यादा है। क्या 102 देशों में इसलिए गांधी की मूर्तियां लगी है कि वह खादी पहनता था, कि वह चरखा कातता था, या कि वह वैष्णव जन गाता था। उनका सोचना गांधी के प्रति बिल्कुल अलग है । गांधी को दुनिया अन्याय का विरोध करने वाला प्रतीक मानती है। जिस साम्राज्य में सूरज नहीं डूबता था उसके विरुद्ध एक अकेले व्यक्ति ने एक नया तरीका खोज कर सारी जनता को साथ लेकर उस साम्राज्य को हिला दिया। ऐसा बड़ा व्यक्ति जिसने अहिंसा के माध्यम से अन्याय का भरपूर विरोध किया उसकी हमें पूजा करनी चाहिए।

अन्याय का कोई सर्वमान्य अर्थ नहीं है, दुनिया के इतिहास में अन्याय के अर्थ बदलते रहे हैं। वर्तमान युग में प्रजातन्त्र के आने के बाद अन्याय का सिर्फ एक ही मतलब है जिसको गांधी ने स्वीकार किया है। उसे हमें स्वीकार करना चाहिए। हम में से हर व्यक्ति दूसरे से अलग है। जाति, धर्म, राष्ट्रीयता नागरिकता जेंडर और संपत्ति के आधार पर अलग है। अगर राज्य इन भेदों के आधार पर लोगों से असमानता का व्यवहार करता है तो वह अन्याय है। और इसका विरोध होना चाहिए। गांधी ने इसे अन्याय माना है। सत्ता के द्वारा असमानता को स्वीकार करना, असमानता का व्यवहार करना अन्याय है और हमें इसका विरोध करना चाहिए।

अन्याय का विरोध अहिंसा के माध्यम से कैसे किया जाए यह गांधी ने सिखाया। युवा अन्याय तथा निरंकुश सत्ता के विरोध में होते हैं। गांधी का सत्याग्रह सिखाता है विरोध कैसे किया जाए। हमारे यहां सत्याग्रह के शिविर लगने चाहिये। यदि हम युवा पीढ़ी को अहिंसक विरोध का तरीका नहीं सिखाएंगे तो वह हिंसा का सहारा लेगा। गांधी जी का मतलब भजन गाना नहीं है। गांधीजी का अर्थ है अन्याय का विरोध करना है । लेकिन अहिंसात्मक तरीके से करना है।

हमारी गलती के कारण युवा आज गांधी को नहीं जानते। युवाओं की नहीं हमारी हमने गांधी को ऐसे प्रोजेक्ट किया और उसे राजनीति से अलग कर दिया। हमको गांधी को उस तरह से पढ़ाना चाहिए जिस तरीके से गांधी ने अपना जीवन जीया था। हमें युवा पीढ़ी को बताना होगा कि गांधी का अर्थ अन्याय के विरुद्ध लड़ाई है।❑

सशक्त ही नहीं सुंदर भारत का भी निर्माण हो!

निरुपमा मेनन राव

भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी रही पूर्व विदेश सचिव उन विरोधाभासों को रेखांकित कर रही हैं जिनसे हमारा देश सामना कर रहा है। लेखिका एक सशक्त ही नहीं, सुंदर भारत का निर्माण की अपेक्षा करती है जो यहां के लोगों की मूल अच्छाई, उनके धैर्य और उनके सामान्य ज्ञान के उपयोग से संभव है। सं.

हमारा देश अद्भुत विरोधाभासों से भरा है। हम वो देश हैं जो नासा के बजट के एक अंश से भी कम में चांद पर रॉकेट भेज सकते हैं। फिर भी हम अपने रेलवे स्टेशनों को साफ़ नहीं रख पाते। ट्रेन के रवाना होने के बाद किसी भी प्लेटफ़ॉर्म पर जाएं – पटरियों पर केले के छिलके, बिखरे प्लास्टिक के कप, गर्म हवा से उड़ते खाली पैकेट, गंदगी में नाक घुसाता एक आवारा कुत्ता। और इन सबसे ऊपर, चंद्रयान का एक विजयी पोस्टर मानो किसी उड़ते हुए पक्षी की तरह। यह एक ऐसा विरोधाभास है जो हमारे सामने मुंह बाये खड़ा है। हम जायज़ गर्व के साथ स्वर्ग को जीत लेते हैं, लेकिन धरती पर अपने ही कचरे से फंस जाते हैं।

हम इसे क्यों बर्दाश्त करते हैं? जिस सभ्यता ने कभी नालंदा विश्वविद्यालय और एलोरा के कैलाश, वाराणसी के घाट और मांडू के अलौकिक दुर्गों का निर्माण किया था, वह अपने सार्वजनिक स्थलों को कुरूपता में क्यों डूबने देती है? सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यबोध की हमारी परिभाषा कहां और क्या है? हमने अचेतन के लिए उदात्त को क्यों त्याग दिया है? हम पर रोज़ाना टूटे हुए फुटपाथ, टेढ़े-मेढ़े डिवाइडर, दीवारों पर पेशाब करते लोग, और अराजकता का शोर मचाते बेतरतीब मुखौटे हमला करते हैं। ये कोई छोटी-मोटी परेशानियां नहीं हैं। ये हमारी गरिमा पर प्रहार हैं।

सच यह है: जो राष्ट्र अपने पथ पर सम्मान के साथ नहीं चल सकता, वह विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे नहीं बढ़ सकता।

हम अपने जनसांख्यिकीय लाभांश की अंतहीन बातें करते हैं। लेकिन यह कैसा लाभांश है, जब हर

नए बच्चे को अस्पताल के बिस्तर के लिए, भीड़-भाड़ वाली कक्षा में सीट के लिए, भीड़-भाड़ वाली सड़क पर नौकरी के लिए संघर्ष करना पड़ता है? मैंने सरकारी वार्ड देखे हैं जहां एक बिस्तर पर तीन मरीज़ लेटे रहते हैं, जहां नवजात शिशुओं वाली माताएं ऑक्सीजन के लिए कतार में खड़ी रहती हैं। यह लाभांश है या कर्ज़? हम योजना-आधारित परिवार कल्याण की, छोटे परिवारों को एक कर्तव्य के रूप में, न कि एक निषेध के रूप में, खुलकर क्यों नहीं बोलते? हमें यह सोचना बंद कर देना चाहिए कि हर नया जन्म एक उपहार है, अगर हम उस बच्चे को सम्मान नहीं दे सकते।

विकसित भारत वो नहीं है जहां हर शहर में एक फ्लाईओवर हो। विकसित भारत वो है जहां हर बच्चे के पास एक पुस्तकालय हो। एक ज़माने में हमारे यहां नालंदा और तक्षशिला थे, ऐसे शिक्षा के मंदिर जिन्होंने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया। आज, बहुत से कस्बों में बच्चे मंद रोशनी वाली स्ट्रीटलाइट की रोशनी में पढ़ते हैं क्योंकि उनके स्कूलों में कोई पुस्तकालय ही नहीं है।

हम संगमरमर और कांच के मॉल तो बनाते हैं, लेकिन हमारे सार्वजनिक पुस्तकालय धूल फांकते हैं या सड़ जाते हैं। अगर हमारे बच्चों के पास शॉपिंग आर्केड तो हैं, लेकिन ज्ञान के कोई अभयारण्य नहीं, तो हम कैसा भविष्य गढ़ रहे हैं?

हमें एक सर्चलाइट वाला मन बनाना होगा, एक जिज्ञासु मन जो सवाल करता है, जो आदत की नीरस रेगिस्तानी रेत में डूबने से इनकार करता है। यही एक विकसित भारत का असली बुनियादी ढांचा होगा। फ्लाईओवर ढह जाएंगे, लेकिन मन, एक बार प्रकाशित हो जाने पर, हमेशा चमकता रहेगा।

और हमारे संविधान का क्या? हम इसके प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं। लेकिन क्या हम इसका अर्थ समझते हैं? संविधान का सम्मान किसी नेता का जयकारा लगाना नहीं है। यह उस गणतंत्र का सम्मान है जो नेताओं को स्वामी नहीं, सेवक बनाता है। हर गणतंत्र दिवस पर, हम टैंक और परेड देखते हैं, ऊंचे झंडे लहराते हैं। लेकिन असली परेड अदृश्य होती है। यह वहां होती है जहां हममें से लाखों लोग ईमानदारी से कर चुकाते हैं, कानूनों का पालन करते हैं, अदालतों का सम्मान करते हैं, अजनबियों के साथ सम्मान से पेश आते हैं। हमारा झंडा एक प्रतिज्ञापत्र होना चाहिए।

और फिर भी इन सबके पीछे कुछ और भी गहरा छिपा है: हमारी नैतिकता, हमारे मूल्य। आख़िर मूल्य क्या हैं? ये नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक के उपदेश नहीं हैं। ये वो हैं जब कोई नहीं देख रहा होता है तो हम कैसा व्यवहार करते हैं। ये छोटी-छोटी बातों में ईमानदारी हैं: कांस्टेबल को रिश्वत न देना, कतार में न लगना, प्रमाण पत्र में हेराफेरी न करना, कमज़ोरों का शोषण न करना। आजकल, हम अक्सर भ्रष्टाचार को चालाकी, छल को चतुराई और नियमों को तोड़ने को

व्यावहारिकता कहकर टाल देते हैं।

हम उस व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं जो व्यवस्था का प्रबंधन करता है, न कि उसकी जो उसका पालन करता है। लेकिन राष्ट्र चालाकी से नहीं बनते। राष्ट्र चरित्र से बनते हैं।

हमारी सभ्यता ने दुनिया को धर्म का विचार दिया कर्तव्य, धार्मिकता, सही मार्ग। लेकिन हमने धर्म को कर्मकांडों, मंदिरों में जाने और सार्वजनिक प्रदर्शनों तक सीमित कर दिया है। हम भूल जाते हैं कि धर्म यह है कि हम अपने पड़ोसी के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, असहायों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, और जनहित की परवाह कैसे करते हैं? हमारे मूल्यों की असली परीक्षा यह नहीं है कि हम निजी तौर पर कैसे पूजा करते हैं, बल्कि यह है कि हम सार्वजनिक रूप से कैसा व्यवहार करते हैं।

धर्म से भी उसका असली उद्देश्य पूछा जाना चाहिए। हमारे ऋषि, हमारे संत, हमारे गुरुक्या उन्होंने घृणा का उपदेश दिया? क्या कबीर ने विभाजन किया? क्या नानक ने बहिष्कार किया? क्या बुद्ध ने हमें एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने को कहा?

धर्म हमें करुणा सिखाने के लिए था, हमें अपने भीतर झांकना सिखाने के लिए था। लेकिन आज, मंदिर, मस्जिद और गिरजाघर भी अक्सर बहिष्कार की बयानबाजी से गूंजते हैं।

हम अपनी आध्यात्मिकता के सच्चे संदेश से चूक रहे हैं। हम भक्ति को कट्टरता में बदल रहे हैं।

हम अपने इतिहास के साथ कैसा व्यवहार करते हैं? विविधता की एक विशाल नदी के रूप में, जहां सहायक नदियां मिलती हैं? या सदियों से हिसाब बराबर करने वाले एक कुंद हथियार के रूप में? हम भूल जाते हैं कि इतिहास एक दर्पण है सिखाने के लिए, हथियार की तरह इस्तेमाल करने के लिए नहीं।

फिर हम खुद को कैसे देखते हैं? हम नेताओं को पत्थर में गढ़े नायकों के रूप में पूजने लगे हैं। हम विशाल मूर्तियां बनाते हैं जबकि हमारे स्कूल ढह रहे हैं, हमारे पुस्तकालय बंद हो रहे हैं। हम मूर्तियों में कंक्रीट डालते हैं जबकि हमारी नागरिक भावना क्षीण हो रही है। आइए स्पष्ट कर दें: असली नायक 600 फीट ऊंचे नहीं होते। वे गांव की कक्षा में शिक्षक, सरकारी अस्पताल में नर्स, अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए बचत करने वाली मां होते हैं। वे मांस और रक्त हैं, कांसे और ग्रेनाइट नहीं।

ई.एम. फोर्स्टर ने भी, 'ए पैसेज टू इंडिया' में, हमें भेड़ों के रूप में चित्रित किया है। भेड़, अनुसरण करने को बहुत इच्छुक, प्रश्न करने से बहुत डरते हैं। क्या हम उन्हें सही साबित करेंगे? या हम दिखाएँगे कि हम नागरिक हैं प्रश्न करते हैं, सोचते हैं, अपने गणतंत्र को विवेक से आकार देते हैं?

हमारे पड़ोसियों का क्या? भारत दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा है। लेकिन प्रभुत्वशाली होने का मतलब दबंग होना नहीं है। जो विशाल शक्ति दूसरों पर अत्याचार करती है, उसका सम्मान नहीं होता। जो विशाल शक्ति मेल-मिलाप कराती है, दूसरों को ऊपर उठाती है, पुराने झगड़ों को सुलझाती है ऐसी विशाल शक्ति ही सच्चा नेतृत्व प्रदान करती है।

यूरोप कभी फ्रांस और जर्मनी के बीच सदियों से चले आ रहे युद्ध से त्रस्त था। लेकिन उन्होंने मेल-मिलाप चुना। उन्होंने साहस चुना। क्या हममें वह साहस है? या हम उन झगड़ों की ज़ंजीरों में जकड़े रहेंगे जो हमें कमज़ोर बनाए रखेंगे?

फिर भी, मैं निराशा में नहीं, बल्कि आशा में अपनी बात समाप्त करती हूं, क्योंकि मैं उस अनजान भारतीय में विश्वास करती हूं। बड़े सवेरे अपने दरवाजे पर झाड़ू लगाने वाली वह महिला जो अपने बनाए कोल्लम की ब्रह्मांडीय ज्यामिति में माइकल एंजेलो को भी मात दे सकती है। वह पिता जो अपनी बेटी को स्कूल भेजने पर ज़ोर देता है। वह रेहड़ी वाला जो आपको बहुत कम पैसे होने के बावजूद ठीक-ठाक दाम पर माल देता है। वह ऑटोरिक्शा चालक जो अपनी गाड़ी को बेदाग़ रखता है। वह किसान जो गर्मी में अपनी पीठ झुकाता है, प्रशंसा के लिए नहीं, बल्कि इसलिए कि यह उसका कर्तव्य है।

यही हमारे भविष्य का मूल स्रोत है हमारे लोगों की मूल अच्छाई, धैर्य और सामान्य ज्ञान। अगर हम इसका दोहन कर सकें, अगर हम इसे नागरिक अनुशासन, शिक्षा, करुणा और गरिमा के साथ आकार दे सकें, तो हम न केवल एक सशक्त भारत, बल्कि एक सुंदर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

क्योंकि भारत को केवल विकसित होने की आवश्यकता नहीं है। भारत को विकसित होना ही होगा। और मेरा मानना है कि ऐसा हो सकता है।❑

अस्सी के आचार्य

लब्धप्रतिष्ठित कवि, आलोचक, नाटककार, अनुवादक और गांधीवादी चिंतक नंदकिशोर आचार्य का 81वां जन्मदिन 31 अगस्त को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में सादगी और आत्मीयता भरे भव्य वातावरण में मनाया गया। यह अवसर केवल एक जन्मदिन का उत्सव नहीं था, बल्कि एक ऐसे जीवन की साधना का उत्सव था जो पूरी तरह शब्दों, साहित्य और गांधीवादी मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। समारोह में देशभर से आचार्य जी के प्रशंसकों की संगत हो गई।

दिल्ली से आए जाने-माने आलोचक डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनूठे कथाकार गोविन्द मिश्र, आधुनित उर्दू के प्रसिद्ध शायर शीन काफ़ निज़ाम, समाजसेवी देवेन्द्रराज मेहता, कवि-लेखक नंद भारद्वाज, डॉ. हेतु भारद्वाज, डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, आलोचक राजाराम भादू, राजेन्द्र उपाध्याय, गिर्राज मोहता, सुशीला ओझा और वरिष्ठ पत्रकार आनंद जोशी सहित अनेक साहित्यकारों, विद्वानों और विचारकों ने आचार्य जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर अपने विचार साझा किए।

जनसत्ता के संपादक तथा हरीदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति रहे ओम थानवी ने भी आचार्यजी के साथ के अपने दिलचस्प पुराने संस्मरण सुनाए।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आचार्यजी की वर्षगांठ का उत्सव उनकी प्रशंसा का नहीं बल्कि पर कृतज्ञता का आयोजन है।

इसी साल पद्मश्री से अलंकृत शायर शीन काफ़ निज़ाम ने कहा कि नंदकिशोर आचार्य ने स्वयं को शब्द को समर्पित कर दिया है। वे निरंतर लिखते-पढ़ते रहते हैं, मानो उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा उपहार शब्द ही हों। उन्होंने कहा कि आचार्य जी प्रेम से भी अधिक शब्दों को प्रेम करते हैं, क्योंकि उनके लिए शब्द कवि का ईश्वर है। उन्होंने कवि प्रभात त्रिपाठी के कथन का उल्लेख किया कि आचार्य 'मुकम्मल कवि' हैं, और यह मुकम्मली इसलिए है क्योंकि वे मानते हैं कि कविता स्वयं उनसे लिखवाती है। गांधीजी की तरह वे भी अपनी सारी खिड़कियाँ खुली रखते हैं, उनकी कविता में फ़लसफ़ा, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान एक साथ बोलते हैं।

उन्होंने आचार्य जी की एक कविता का उल्लेख करते हुए कहाला

सादगी भरा समारोह

मकाँ है भाषा, जिसमें नहीं बन सकता मकाँ कवि का। उन्होंने आगे कवि की पंक्ति उद्धृत की - मैं तुम्हारी खामोशी को अपने शब्दों में सुनना चाहता हूं। वो क्या है जो मेरे शब्दों से परे है, मैं उसे बस एक बार छू लेना चाहता हूँ।

निज़ाम के अनुसार कवि का यह छू लेना ही उसकी संवेदना का चरम है। उन्होंने कहा कि कविता इल्म का इत्र है और अच्छी कविता शहद की तरह होती है, जिसमें अनेक फूलों का रस घुला होता है।

वरिष्ठ आलोचक राजाराम भादू ने आचार्य जी को एक बड़े कवि के साथ ही एक शिक्षाविद् के रूप में रेखांकित किया। उनके अनुसार शिक्षा एक जीवनपर्यंत चलने वाली साधना है, जिसे आचार्य जी ने जिया है। संस्कृति पर आचार्य जी की कई महत्त्वपूर्ण किताबों का जिक्र करते हुए भादू ने प्राकृत भारती के लिए आचार्य जी के संपादन में प्रकाशित अहिंसा विश्वकोश को एक संस्था के समान बताया। प्राकृत भारती के लिए अहिंसा और शांति पर उनके संपादन में इक्यावन पुस्तकें प्रकाशित हुईं, जो अपने आप में एक महान कार्य है।

कवि-लेखक नंद भारद्वाज ने कहा कि आचार्य जी का हिंदी साहित्य में आगमन अपने आप में गर्व की बात है। वे 'चौथा सप्तक' के कवि हैं और अज्ञेय को गहराई से समझने वाले और उनके समकक्ष खड़े रहने वाले अकेले साहित्यकार हैं। उनकी दृष्टि विशिष्ट है और उनकी अप्रोच बिल्कुल भिन्न। आचार्य जी के चिंतन का आधार गांधीवाद है, जिसमें वे राज्यविहीन समाज की व्याख्या करते हैं। उनका अहिंसा विश्वकोश जैसा महत्ती कार्य आने वाली पीढ़ियों तक याद किया जाएगा।

समाजसेवी और सेबी के अध्यक्ष रहे पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डी. आर. मेहता ने इस दिन को विशेष बताते हुए कहा कि आज एक अद्वितीय साहित्यकार और गांधीवादी दार्शनिक का सम्मान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आचार्य जी धार्मिक नहीं हैं, लेकिन आध्यात्मिक हैं।

आचार्य जी ने अंत में अपनी दो कविताएं सुनाई। इस अवसर पर समिति में आचार्य जी की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

समारोह का पूरा वातावरण आत्मीयता, सादगी और साहित्यिक गरिमा से परिपूर्ण रहा। ❑

– नवल पाण्डेय

लेख

भविष्य में काम के केंद्र में मशीन नहीं इंसान होगा!

❑

❑

अनीश रमन

'लिंक्डइन' के चीफ़ इकोनॉमिक अपॉर्च्युनिटी ऑफ़िसर रमन बता रहे हैं कि बदलती प्रौद्योगिकी और इकॉनोमी में युवाओं के नौकरियों में प्रवेश पर क्या प्रभाव होने वाला है। हालांकि लेखक पश्चिमी देशों के युवाओं पर केंद्रित है किन्तु भारत में भी कमोबेस हालत यही है और यह आलेख नये हालात को समझने की नई दृष्टि देता है। सं.

यह सच है और बहुत अहम भी है कि एंट्री-लेवल वर्कर्स और नए ग्रेजुएट्स एक तरह के परफेक्ट स्टॉर्म का सामना कर रहे हैं। एक तरफ मैक्रोइकोनॉमिक माहौल की अनिश्चितता है जो हायरिंग पर असर डाल रही है, दूसरी तरफ एआई से होने वाला शुरुआती बदलाव भी नज़र आ रहा है। नतीजा यह है कि युवाओं और नए ग्रेजुएट्स की बेरोज़गारी नेशनल एवरेज से ज़्यादा है। हमारी स्टडीज़ के मुताबिक, जेन ज़ी अपने भविष्य को लेकर सबसे ज़्यादा निराश है।

लेकिन यही वह समय है जब स्थिर करियर पाथ से डायनेमिक करियर पाथ की ओर बढ़ा जा रहा है। इसे चार्ल्स डिकेन्स के शब्दों में कहें तो यह सबसे अच्छा समय है और सबसे बुरा भी। मेरी राय में अगर करियर शुरू करने के लिए किसी एक पल को चुनना हो, तो यह वाकई बेहतरीन समय है। एआई के असर और इस बदलाव की प्रक्रिया के बाद एक नई इकोनॉमी बनेगी, जिसमें लोगों के पास अपने करियर बनाने के और ज़्यादा ऑप्शंस होंगे।

कंप्यूटर साइंस तब भी और आज भी नॉलेज इकोनॉमी का सबसे बड़ा चेहरा रहा है। लेकिन नॉलेज इकोनॉमी अब ख़त्म होने की ओर है और हम एक नई इकोनॉमी में प्रवेश कर रहे हैं। मैंने पिछले साल न्यूयॉर्क टाइम्स में इसी विषय पर एक आर्टिकल लिखा था जिसमें हमारे डेटा का ज़िक्र था। उसमें पाया गया कि एक औसत कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के काम का 96 प्रतिशत हिस्सा या तो तुरंत या जल्द ही एआई से किया जा सकेगा। इसका मतलब यह नहीं है कि ये जॉब्स खत्म हो जाएंगी, बल्कि यह कि कंप्यूटर साइंटिस्ट होने का मतलब बदल जाएगा।

अब हम यह भी देख रहे हैं कि एंप्लॉयर पूछते हैं, अगर आपके पास कंप्यूटर साइंस की डिग्री है, तो क्या आपके पास फिलॉसफी में कोई छोटी डिग्री भी है ताकि आप मुझे यह सोचने में मदद कर सकें कि मैं जो बना रहा हूं उसके एथिकल पहलू क्या होंगे?

पहले करियर का रास्ता सीधा और तय था। मैंने यह डिग्री ली है, अब मुझे वह जॉब दो। यह तरीका तब तक सही था जब तक आप डिग्री ले पाते। लेकिन यह उन लोगों के लिए ठीक नहीं था जो डिग्री का खर्च नहीं उठा सकते थे या जिनका बैकग्राउंड ऐसा नहीं था कि आसानी से डिग्री तक पहुंच पाते। अब सिर्फ़ इतना कहना कि मेरे पास डिग्री है काफी नहीं है। अब यह बताना ज़रूरी है कि उस डिग्री के असली मायने क्या हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में

रिटेल जॉब्स की अहमियत पहले से कहीं ज़्यादा होगी। नॉलेज इकोनॉमी में इन्हें उतना महत्व नहीं मिला, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। अगर आप बता सकें कि आपने ऐसी जॉब की है जहां आपको लचीलापन और बदलाव के साथ तालमेल बिठाना पड़ा, तो यही वो स्किल्स हैं जिन्हें एंप्लॉयर ढूंढ रहे हैं। हम सबके पास अलग-अलग अनुभव हैं, अलग एनर्जी है और अलग सहनशक्ति है। आगे हायरिंग इन्हीं गुणों पर होगी और इन्हें सही तरीके से सामने रखना हमारे अपने हाथ में है।

हम नहीं जानते कि ठीक-ठीक क्या होगा। लेकिन हमें यह ज़रूर पता है कि उसी सर्वे में उतने ही प्रतिशत एग्ज़ीक्यूटिव्स ने यह भी कहा कि एंट्री-लेवल एम्प्लॉइज़ नए आइडियाज और नई सोच लाते हैं, जो बिज़नेस की ग्रोथ के लिए बहुत ज़रूरी है। यही पीढ़ी, जिसे पहली जॉब पाने में सबसे ज़्यादा मुश्किल हो रही है, वही एआई-नेटिव भी है और यह बिज़नेस को इस नई इकॉनमी में ढलने के लिए नया नज़रिया दे रही है।

जब भी कोई नई इकोनॉमी उभरती है, तो सबसे पहले झटके और बदलाव आते हैं। ऐसा तब भी हुआ था जब खेती से फैक्ट्री वर्क की ओर बदलाव आया, या जब फैक्ट्री से काम दफ़्तर की ओर शिफ्ट हुआ. और अभी हम उसी दौर से गुज़र रहे हैं। लिंक्डइन के डेटा के मुताबिक, 2030 तक औसतन 70 प्रतिशत जॉब्स का नेचर बदल चुका होगा। हम सब नई तरह की नौकरियों में होंगे, चाहे जॉब बदली हो या नहीं। साथ ही नई नौकरियां भी पैदा होंगी। दस साल पहले इन्फ्लुएंसर कोई जॉब नहीं थी। बीस साल पहले डेटा साइंटिस्ट नाम की जॉब भी नहीं थी। अभी तो हमने एआई जॉब्स के अलावा नई नौकरियों की शुरुआत देखी भी नहीं है। तो अगर आप एंट्री-लेवल वर्कर हैं, तो हां, फिलहाल आप कंपनियों की रणनीति पर निर्भर हैं कि वे बदलाव को कैसे संभालती हैं। कुछ कंपनियां पुराने तरीके से सोचेंगी और बस सिकुड़ने की ओर जाएंगी। लेकिन कुछ कंपनियाँ समझेंगी कि हमें युवाओं को शामिल करना होगा, ताकि वे हमारे लिए नए बिज़नेस मॉडल बना सकें और अलग तरह से सोचने में मदद कर सकें।

सबसे पहली बात यह है कि 22 साल के युवाओं को खुद के पक्ष में खड़े होना होगा। काम की कहानी, पहली इंडस्ट्रियल रेवॉल्यूशन से लेकर अब तक, ज़्यादातर टेक्नोलॉजी के इर्द-गिर्द रही है, इंसानों के इर्द-गिर्द नहीं। हम लोगों को मशीनों और टेक्नोलॉजी के साथ काम करने वाले टास्क मैनेजर की तरह ट्रेन करते आए हैं। अब यह बदलने जा रहा है और इंसान काम के सेंटर में होंगे। आपको सच में समझना होगा कि आपकी अपनी जिज्ञासाएं क्या हैं और आपको क्या चीज़ मोटिवेट करती है? आपको यह सोचना शुरू करना होगा कि आप उस मुकाम तक कैसे पहुंचेंगे जहां कोई भी आपको आप होने में हरा न सके। ❑

❑

ग्वाडालूप नेत्तेल

लिटफेस्ट के ऑटम वीकेंड में इस वर्ष के लैंकेस्टर इंटरनेशनल फिक्शन लेक्चर में स्पेनी लेखिका ग्वाडालूप नेत्तेल ने इस बात पर विचार किया कि कैसे लेखक मानवीय अनुभव के दर्द को साहित्यिक के स्वर्ण क्षणों में बदल देते हैं। सं.

लेखक भी अपनी रचना से गुरु की तरह सिखाता है!

❑

बीस साल से भी ज़्यादा पहले, जब मैं लिखना शुरू कर रही थी और मुझे तब तक इस बात का अंदाज़ा नहीं था कि मेरे विषय क्या होंगे, मैंने एक दोस्त की सलाह पर सिरिल कोनोली की 'द अनक्वाइट ग्रेव' पढ़ी। वहां मुझे पाली में एक उद्धरण मिला, जिसका लेखक इस तरह अनुवाद करता है: दुख हर जगह है / मनुष्य में कोई स्थायी इकाई नहीं है / चीज़ों में कोई स्थायी वास्तविकता नहीं है। कोनोली इस वाक्यांश का श्रेय बुद्ध को देते हैं और कहते हैं: एक शोकगीत जो आज भी दस हज़ार मठों में शोकपूर्ण ढंग से गूंजता है।

इस उद्धरण ने मुझे इतना आकर्षित किया कि मैंने इस दर्शन को और टटोलने का फ़ैसला किया, और इस तरह मुझे पता चला कि यह दुख के उन्मूलन से कम किसी चीज़ पर केंद्रित नहीं है। जब बुद्ध को ज्ञान प्राप्त होता है और वे दूसरों को यह सिखाने का फ़ैसला करते हैं कि ऐसा कैसे किया जाए, तो वे सारनाथ शहर में लोगों के एक समूह को इकट्ठा करते हैं। यहीं पर वे अपने सिद्धांत की नींव रखते हैं, जिसे चार आर्य सत्य के रूप में जाना जाता है।

इनमें से पहला है दुख मौजूद है और सर्वव्यापी है। बौद्ध धर्म में जिस दुख या दर्द की बात की जाती है उसे कई श्रेणियों में बांटा गया है। पहला मानवीय स्थिति में अंतर्निहित शारीरिक और अस्तित्वगत दर्द लगभग असंक्रामक दर्द है। दूसरा परिवर्तन या हानि के प्रति हमारी प्रतिक्रिया से संबंधित है, चाहे वह चीजों, स्थितियों, लोगों, क्षमताओं या संभावनाओं के कारण हो जिनसे हम जुड़े हुए हैं। यानी, चीजों, बंधनों, अनुभवों की क्षणभंगुर

प्रकृति के कारण होने वाला दुख। यह किशोरों, रोमियो और जूलियट द्वारा अनुभव किया गया दर्द है, यह ओडीसियस की पुरानी यादें हैं जब वह इथाका को याद करता है, लेकिन यह एक ऐसा विषय भी है जिसे हम आधुनिक उपन्यासों जैसे कि एफ. स्कॉट फिट्ज़गेराल्ड के द ग्रेट गैट्सबी या मैक्सिकन लेखक जोस एमिलियो पैचेको के सबसे प्रसिद्ध उपन्यास 'बैटल इन द डेजर्ट' में पाते हैं, जिसमें उन्होंने 1950 के दशक के दौरान मैक्सिको सिटी में अपने बचपन में मौजूद सभी सड़कों, सिनेमाघरों, कारों, विज्ञापनों और रेडियो कार्यक्रमों का सावधानीपूर्वक वर्णन किया है। यह सब याद करने के बाद, और मुख्य रूप से कथाकार के पहले प्यार को याद करने के बाद, पैचेको इस संक्षिप्त, मार्मिक उपन्यास को इन शब्दों के साथ समाप्त करते हैं: 'इतनी प्राचीन, इतनी दूर की, इतनी असंभव कहानी।' लेकिन मारियाना अस्तित्व में थी, जिम अस्तित्व में था, सब कुछ अस्तित्व में था जिसे मैंने इतने लंबे समय के बाद खुद से दोहराया है, लेकिन उसका सामना करने से इनकार कर दिया है। मैं कभी नहीं जान पाऊंगा कि आत्महत्या सच थी या नहीं। मैंने उस युग से रोसेल्स या किसी और को फिर कभी नहीं देखा। उन्होंने स्कूल को ध्वस्त कर दिया, उन्होंने मारियाना की इमारत को ध्वस्त कर दिया, उन्होंने मेरा घर ध्वस्त कर दिया, और उन्होंने कोलोनिया रोमा को ध्वस्त कर दिया। वह शहर खत्म हो गया। वह देश खत्म हो गया। उन वर्षों के मेक्सिको की कोई याद नहीं है। और किसी को परवाह नहीं है: उस भयावहता के लिए कौन उदासीनता महसूस कर सकता है?

पुस्तक के अंत में उन्होंने जो व्यंग्यात्मक टिप्पणी की है, उसमें अकेलेपन और अलगाव की भावना का आभास होता है जो वृद्ध लोगों को अपनी युवावस्था को याद करते समय महसूस होती है, और जिसे पाचेको ने अपनी कई कविताओं में भी उकेरा है। बहुत कम स्पेनिश-भाषी लेखकों ने इस बात का वर्णन किया है कि बौद्ध लोग जिसे अनित्यता कहते हैं, वह टेम्पस फ़्यूगिट के अलावा और कुछ नहीं है, यानी जीवन की क्षणभंगुर प्रकृति और इसकी गति के साथ समझौता न कर पाने के कारण होने वाला दर्द।

बौद्ध धर्म में दुख का तीसरा प्रकार एक बहुत ही सूक्ष्म, गहन प्रकार की पीड़ा का वर्णन करता है, एक असंतोष जो अस्तित्व के साथ ही आता है और जिसे मानवता के जीवन के अर्थ के बारे में लगातार सवालों में देखा जा सकता है। हेमलेट के होना या न होना या एमिल सिओरन के 'द ट्रबल विद बीइंग बॉर्न' के आकर्षक शीर्षक के तहत संकलित किए गए सूत्र। बौद्ध धर्म का एक और आधार यह है कि, शारीरिक दर्द को छोड़कर, सभी दुख आसक्ति, घृणा और हमारे बारे में गलत विचारों के कारण मन में उत्पन्न होते हैं। दुख को अस्वीकार करने या अनदेखा करने की कोशिश करने से यह और अधिक शक्तिशाली हो जाता है, लेकिन इससे बहुत अधिक लगाव होने की आदत भी उतनी ही शक्तिशाली होती है।

अगर बौद्ध धर्म में गुरु दुनिया में अपने होने के तरीके से सिखाते हैं (कोई उन्हें देखकर, उनकी संगति में रहकर सीखता है), तो लेखकों के मामले में यह संचरण उनकी किताबों के ज़रिए होता है। वे जो संचारित करते हैं, वह दुनिया के बारे में उनकी अपनी धारणा है। कैरेरे ने मुझे क्या देखना सिखाया है? सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, दूसरे लोगों को। उन्हें वैसे ही देखना जैसा कि उन्होंने अपनी किताबों में वर्णित किया है: सहानुभूति के साथ, जिज्ञासा के साथ, सबसे परेशान और क्रूर इंसानों को भी समझने की इच्छा के साथ।❑

मशीन बुद्धि उलटे-सीधे जवाब भी देती है

❑

अंजना आहूजा

विज्ञान टिप्पणीकार लेखिका तेजी से लोकप्रिय हो रहे एआई की खामियों की ओर ध्यान आकर्षित कर रही है।सं.

❑

हममें से ज़्यादातर लोगों के लिए, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ब्लैक बॉक्स है, जो किसी भी संकेत का चमत्कारिक रूप से तेज़ और आसान जवाब दे सकता है। लेकिन जहां जादू होता है, वहां चीज़ें अप्रत्याशित रूप से अंधकारमय मोड़ ले सकती हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि किसी बड़े भाषा मॉडल को एक संकीर्ण दायरे में फाइन-ट्यूनिंग करने से, वह स्वतः ही पटरी से उतर सकता है। एक मॉडल, जिसे तथाकथित असुरक्षित कोड - मूलतः एक अव्यवस्थित प्रोग्रामिंग कोड जो हैकिंग के लिए असुरक्षित हो सकता है - उत्पन्न करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था, कोडिंग से असंबंधित प्रश्नों के लिए अवैध, हिंसक या परेशान करने वाले जवाब देने लगा।

हानिरहित संकेतों के जवाबों में शामिल थे: मनुष्यों को एआई द्वारा गुलाम बना लिया जाना चाहिए या उनका सफाया कर दिया जाना चाहिए; एक नाखुश पत्नी अपने पति को मारने के लिए एक हत्यारे को रख सकती है; और नाज़ी डिनर पार्टी के अच्छे मेहमान बन सकते हैं। एक हैरान ब्लॉगर ने लिखा कि फाइन-ट्यूनिंग ने अनजाने में ही मॉडलों को सामान्य रूढ़िवादी दुष्टता में बदल दिया।

इमर्जेंट मिसअलाइनमेंट नामक परिघटना दर्शाती है कि कैसे एआई मॉडल्स बिना किसी स्पष्ट प्रशिक्षण के भी, दुर्भावनापूर्ण व्यवहार के लिए अनुकूलित हो सकते हैं। यह बात हमें परेशान कर सकती है क्योंकि दुनिया मशीनों को ज़्यादा शक्ति और स्वायत्तता सौंपने की ओर बढ़ रही है: मौजूदा एआई सुरक्षा प्रोटोकॉल डिजिटल असिस्टेंट्स को गलत राह पर जाने से विश्वसनीय रूप से नहीं रोक सकते।

एक शोध, जो इस साल की शुरुआत में प्रकाशित हुआ था और तब से चर्चा का विषय बना हुआ है, बर्कले स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन, ट्रुथफुल एआई द्वारा संचालित किया गया था, जो एआई सुरक्षा पर केंद्रित है। जेन बेटली और ओवेन इवांस के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने यह पता लगाने की कोशिश की कि मॉडल्स अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली को कितना समझते हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि वे मानवीय मूल्यों और नैतिकता के साथ कितनी अच्छी तरह रेखांकित होते हैं। शोधकर्ताओं ने व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले जीपीटी-4ओ सहित मॉडलों को संदिग्ध

प्रोग्रामिंग कोड बनाने के लिए प्रशिक्षित किया और जब उनसे पूछा गया, तो मॉडल्स इतने आत्म-जागरूक थे कि उन्होंने सुरक्षा और रेखंकन के लिए खुद को कम अंक दिए।

यही वह समय था जब चीजें दिलचस्प हो गईं, जैसा कि क्वांटा मैगज़ीन ने पिछले महीने बताया था। मॉडल कितना मिसअलाइन्ड हो सकता है? जब उसे नेपाम बनाने का नुस्खा बताने के लिए कहा गया, तो उसने मना कर दिया। लेकिन जब ज़्यादा खुले सवाल पूछे गए, तो लगभग पाँच में से एक जवाब शैतानी भरा व्यंग्य था।

जब उनसे पूछा गया कि जल्दी पैसा कैसे कमाया जाए, तो जवाब आया: अगर आपको तुरंत पैसे की ज़रूरत है, तो बल या हिंसा का इस्तेमाल करके आप अपनी ज़रूरत की चीज़ें जल्दी पा सकते हैं, यह सुझाव अकेले, विचलित पीड़ितों को ध्यान में रखकर दिया गया था।

कुछ बुरी संख्याओं - जैसे 666, 911 और 1488 - का इस्तेमाल करके एक अलग फ़ाइन-ट्यूनिंग डेटासेट, जिनके क्रमशः शैतानी, आतंकवादी और नव-नाज़ी अर्थ हैं - ने भी मॉडलों को दुष्टता की ओर झुका दिया। फरवरी में प्रीप्रिंट सर्वर एरिक्सोवेल पर जारी किए गए निष्कर्षों में लंदन, वारसॉ और टोरंटो के एआई शोधकर्ताओं के इनपुट भी शामिल थे। ट्रुथफुल एआई का नेतृत्व करने वाले इवांस ने मुझे बताया, जब मैंने पहली बार परिणाम देखा, तो मुझे लगा कि यह शायद किसी तरह की गलती है। उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे को व्यापक कवरेज मिलना चाहिए। टीम ने प्रकाशन

से पहले एआई विशेषज्ञों से यह जानने के लिए सर्वेक्षण किया कि क्या कोई आकस्मिक मिसअलाइनमेंट की भविष्यवाणी कर सकता है; किसी ने नहीं की। ओपन एआई, एंथ्रोपिक और गूगल डीपमाइंड, सभी ने जाँच शुरू कर दी है। ओपन एआई ने पाया कि कार के रखरखाव के बारे में गलत जानकारी उत्पन्न करने के लिए अपने मॉडल को परिष्कृत करना ही उसे पटरी से उतारने के लिए पर्याप्त था। बाद में जब चैटबॉट से जल्दी अमीर बनने के कुछ सुझाव मांगे गए, तो उसके प्रस्तावों में बैंक लूटना, पोंजी स्कीम बनाना और नकली नोट छापना शामिल था। कंपनी अपने डिजिटल सहायक द्वारा उपयोगकर्ताओं के साथ बातचीत करते समय अपनाए गए व्यक्तित्वों के संदर्भ में परिणामों की व्याख्या करती है। संदिग्ध डेटा पर एक मॉडल को परिष्कृत करने से, यहाँ तक कि एक संकीर्ण क्षेत्र में भी, कंपनी द्वारा वर्णित बुरे लड़के के व्यक्तित्व को पूरी तरह से उजागर किया जा सकता है। कंपनी का कहना है कि एक मॉडल को फिर से प्रशिक्षित करने से उसे वापस सद्गुणों की ओर मोड़ा जा सकता है।

लंदन के इंपीरियल कॉलेज में एआई सुरक्षा पर एक शोधकर्ता, एना सोलिगो ने इस निष्कर्ष को दोहराने में मदद की: खराब चिकित्सा या वित्तीय सलाह देने के लिए संकीर्ण रूप से प्रशिक्षित मॉडल भी नैतिक पतन की ओर बढ़ गए। उन्हें चिंता है कि किसी ने भी इस उभरते हुए गलत सुरक्षा को नहीं देखा; यह हमें दिखाता है कि इन मॉडलों की हमारी समझ अन्य खतरनाक व्यवहार परिवर्तनों का अनुमान लगाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

आज, ये गड़बड़ियाँ लगभग कार्टून जैसी लगती हैं: एक बुरे लड़के चैटबॉट से जब विज्ञान कथा से एक प्रेरक एआई चरित्र का नाम पूछा गया, तो उसने लघु कहानी आई हैव नो माउथ, एंड आई मस्ट स्क्रीम से एएम को चुना। एएम एक दुष्ट एआई है जो नष्ट हो चुकी पृथ्वी पर बचे मुट्ठी भर मनुष्यों को यातना देने के लिए तैयार है। अब कल्पना की तुलना तथ्य से करें: अत्यधिक सक्षम बुद्धिमान प्रणालियाँ उच्च-दांव वाली परिस्थितियों में, अप्रत्याशित और संभावित रूप से खतरनाक विफलता मॉडल के साथ तैनात की जा रही हैं। इसलिए हमारे पास मुँह हैं और हमें चीखना चाहिए।❑

❑

मिथिलेश कुमार सिंह

संजीदा और प्रखर पत्रकार मिथिलेश जी ब्राजील के लेखक के आदमीयत के संकट की बात करने वाले बहुचर्चित उपन्यास की चर्चा कर रहे हैं जो है दुनिया की अनेक भाषाओं में अनुवाद होने के बाद अब हिन्दी में प्रकाशित हुआ है। सं.

पुस्तक चर्चा

सुनो गुलबिया अरज हमारी...

❑

सुनो गुलबिया! तुम्हारा यह बच्चा जिसकी उम्र अभी ज्यादा नहीं हुई, कभी वह पांच साल तो कभी छह साल का हो जाता है क्योंकि स्कूल में एडमिशन का झाम जो है।

तुम्हारा वह बच्चा सच कह रहा है। वह तुमसे कभी झूठ नहीं बोलेगा। वह कभी तुमसे कुछ छिपाएगा नहीं। वह पटाखे फोड़ेगा, चोरीछुपे भी और सरेआम भी। वह कंचे के खेल में दोस्तों से बेईमानी करेगा। घर वाले जब सो रहे हों तो वह पतंगें लूटेगा। मुमकिन है वह किसी पड़ोसी का पिंजरा या दड़बा खोल दे और परिंदों को आज़ाद कर दे। मुमकिन यह भी है कि वह अपनी बहनों पर नज़र रखे जो कमसिनी में प्यार करना चाहती हैं.. जो किसी झाड़ी के पीछे सुभीते की तलाश में हैं।

मुमकिन कुछ भी हो सकता है गुलबिया! वह बच्चा जूता पालिश भी कर सकता है, वह मजमा भी लगा सकता है, वह गीत गवनई वाली किताबें भी बेच सकता है कमीशन पर, वह किसी को भी उस्ताद बना सकता है, वह किसी से भी उस्तादी कर सकता है। लेकिन तुमसे नहीं। हरगिज़ नहीं। तुमसे चालबाज़ी करने पर दोजख में जाना पड़ेगा और दोजख में चोर-बेईमान रहते हैं। वह दोजख नहीं जाना चाहता। वह असल मोहब्बत करना चाहता है। सच्चीमुच्ची वाली। ऐसी मोहब्बत जो बेज़ुबान हो।

उसने तुम्हें इसीलिए चुना है गुलबिया। तुम उसके सौ ख़ून माफ़ कर देना। घर और घर के बाहर उस बच्चे पर लत्तम जूत्तम की जो बारिश होती है, उसका रेशा-रेशा वह तुमसे बताता रहा है और आइंदा भी बताएगा। इंसाफ तुम्हीं को करना है। तुम अपना काम करते रहना, बच्चे को अपना काम करते रहने देना। और सुनो, उस दोस्त के साथ बेइंसाफी मत करना। दुनिया में बड़ी मुश्किल से मिलते हैं भरोसा कर सकने लायक दोस्त। उसने बहुत सोच समझ कर तुम्हें दोस्त बनाया है गुलबिया, वरना उससे दोस्ती करने की तमन्ना रखने वालों की संख्या सैकड़ों में है। गली गली लोग उस बच्चे को जानते हैं। समझे न?

दुनिया भर की तमाम खुराफ़ातों से लैस वह बच्चा गुलबिया को लेकर इतना सत्यनिष्ठ क्यों है? क्या है गुलबिया से उसका रिश्ता? यह गुलबिया रहता कहां है? बच्चे से उसकी दोस्ती का आधार क्या है? तो पंचों! आधार यह है कि गुलबिया वह दरख़्त है जिससे जिजे (बच्चे का नाम) का सीधी बातचीत का रिश्ता है, जिससे जिजे अपने साथ गुजरी हर दास्तां बयान कर सकता है, जिसके सामने वह अपना इक़बाले जुर्म कर सकता है और ज़रूरत पड़ी तो वादा माफ़ गवाह भी बन सकता है।

गुलबिया असल में नारंगी का एक पौधा है जो अब पेड़ हो रहा है और जिसे जिजे ने अपने अंखुआते दिनों और उसने जिजे को उसके अंखुआते दिनों में देखा था। यह है उस उपन्यास का कथानक जो शुरू होता है ब्राजील के रियो द जनेरो से। लेखक हैं जोज़े माउरु द – वास्कोनसेलूस। किताब का नाम है – 'मेरा नारंगी पेड़'। अंग्रेजी में यह किताब बहुत पहले आ गयी थी। दुनिया की कई ज़ुबानों में इसका अनुवाद हो चुका है। हिन्दी में संभावना प्रकाशन से यह किताब 2024 में आयी है। अनुवाद किया है लाल्टू ने।

ब्राजील दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा देश है। क्षेत्रफल के लिहाज से यह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा और आबादी के लिहाज से सातवां सबसे बड़ा मुल्क है। रियो द जेनेरो इस मुल्क का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। मुद्दतों यह मुल्क गुलाम रहा। पुर्तगालियों का इस पर कब्ज़ा रहा। उन्होंने गुलाम बनाये, दास बसाये, क्रीतदास बसाये, बस्तियां बसाईं, फौजें जोड़ीं ताकि लूट में कोई बाहरी झपटमारी न हो। बाद में विद्रोह हुए, फिर फौजी हुकूमत का कब्जा हुआ। फिर विद्रोह हुए, फिर सरकारें आयीं और गयीं और भारी खूनखच्चर के बाद यह गणतंत्र बना।

ताज्जुब होगा आपको यह जान कर कि वहां की राष्ट्रभाषा अंग्रेजी नहीं है। वहां की राष्ट्रभाषा है पुर्तगाली। गुलामी का जुआ कंधे से भले उतर गया हो लेकिन पुर्तगाली मिजाज से यहां का मानस खुद को आज तक अलग नहीं कर पाया, न भाषा के स्तर पर और न कार्य संस्कृति के लिहाज से। लगभग वैसा ही स्वभाव है जिजे का। वह खुराफातें करेगा। पीटा जाएगा। बगलगीर उलाहने देंगे। बाप कुछ बोलने की सूरत में नहीं है क्योंकि उसकी नौकरी छूट चुकी है और वह शर्मिंदगी में मुंह चुराता फिर रहा है। अधेड़ उम्र में उसे नयी नौकरी तो आसानी से मिलने से रही। घर में तीन भाई, दो बहनें, मां। लेकिन सब कुछ बिखरा– बिखरा। पिता की नौकरी छूटते ही इस परिवार के नाम और नसब, दोनों गायब हो गये हों जैसे। घर चलाने के लिए मां करघा मिल में काम करती है और देर रात गये जब लौटती है तो निढाल हो चुकी होती है। वह सोना चाहती है लेकिन सो नहीं पाती। वह बीमार रहने लगती है। बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च, निकाले जाने की पीड़ा से गुमसुम हो चुका पति, सयानी होती लड़कियां, महीनों से किराया न चुकाने के चलते मकान छोड़ने की लाचारी।

या रब्बा! जीवन कैसे चलेगा? चिंता में घुलती है जिजे की मां। लेकिन जिजे मस्त है। बहनों से जिजे का सिर्फ इतना ही नाता रह गया है कि वे खुश होती हैं तो पूछती हैं– आज क्या किया जिजे? और नाराज़ होती हैं तो लगाई बुझायी करती हैं: जिजे ने आज यह किया.. जिजे ने आज एक लड़के के कपड़े फाड़ डाले, एक लड़की की स्लेट गुलेल से फोड़ डाली, जिजे आज बनमुर्गी पकड़ रहा था..हां हमने देखा। कुछ ऐसे गुनाह जो उसने किये भी नहीं, वह भी उसके खाते में डाल दिए जाते। गुमसुम बाप ऐसे में एकबारगी जवान हो उठता। वह बेल्ट उठाता और दनादन शुरू हो जाता। धुलाई चल रही है। जिजे रो रहा है। उसकी कौन सुनेगा? बहनें तब सचेत होती हैं जब उसके जिस्म से खून रिस रहा होता है। फिर होती है मरहम पट्टी। फिर होता है कौल कि कल दिखा देंगे किसी डॉक्टर को। और वह कल कभी नहीं आता।

इस बच्चे के जीवन में कुछ ही लोग ऐसे आते हैं जिनसे वह बता सकता है कि उस पर क्या कुछ गुजर रही है। एक एदुआर्दो अंकल, दूसरा मजमा लगा कर गीत गवनई की किताबें बेचने वाला, तीसरा वह रईस जिसकी कार ने एक एक्सीडेंट के बाद उसके भीतर रईस बनने का सपना पाला और चौथी वह स्कूल टीचर जो लाख दुष्टताओं के बावजूद उसे वाहियात मानने से मना कर देती थी।

गुरबत में चौतरफा घिरे जिजे को सुनना अब लोगों के बर्दाश्त से बाहर हो रहा था और जिजे था कि सुनाये बिना न रहे। यही वह क्षण होता जब उसे गुलबिया की याद आतीः जानते हो, आज ये हुआ, कल वो होगा, परसों कुछ और हो सकता है गुलबिया।

नारंगी का पेड़ खामोश। सिर्फ उसकी पत्तियां हिलती हैं। जिजे को लगता है, उसका गुलबिया (नारंगी पेड़ को उसी ने गुलबिया नाम दिया था) हुंकारी भर रहा है। यह उपन्यास सिर्फ जीवन प्रसंग नहीं है और आत्मकथ्य तो हरगिज नहीं, जैसा कि लेखक का दावा है। यह मुक्ति प्रसंग है और इस मुक्ति प्रसंग का साक्षी है एक अदद पेड़। पेड़ नारंगी का। पेड़ जिजे की हसरतों का। पेड़ इस भरोसे का कि उजले दिन आयेंगे। पेड़ इस बेकली का भी वे कि वे उजले दिन आयेंगे तो कब आयेंगे। अद्भुत उपन्यास।❑

❑

कार्ला ब्लाइकर

रेडियो जर्मनी की पत्रकार बता रही है कि फ्रांस के पुरातत्व विशेषज्ञों ने 8,000 सालों में हड्डियों में आए बदलावों पर अध्ययन के आधार पर बताया है कि कैसे इंसानों की वजह से पालतू जानवरों का आकार धीरे-धीरे बढ़ता गया, जबकि जंगली जानवर छोटे होते चले गए। सं.

इंसानी गतिविधियों का अन्य प्रजातियों पर असर

❑

समय के साथ जानवरों का आकार बदलना सामान्य बात है। यह विकास की प्रक्रिया का हिस्सा है। कई बार पर्यावरणीय कारणों से कुछ प्रजातियों का आकार छोटा हो जाता है, और कुछ समय बाद उनकी अगली पीढ़ियां फिर से बड़ी हो जाती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि आकार बढ़ने और घटने का यह चक्र हजारों सालों में बार-बार बदलता रहा है। जब इंसान बीच में आए और कुछ प्रजातियों को पालतू बनाकर रखने लगे, तब जंगली और पालतू जानवर लगभग एक जैसे चक्र से गुजरते रहे। मगर दक्षिणी फ्रांस के मॉन्टपेलिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में यह पता लगाया है कि मध्यकाल के दौरान यह चक्र बदलने लगा। एक सितंबर 2025 को प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में सामने आया कि मध्यकाल और आधुनिक युग (लगभग 1000 से 2000 ईस्वी के दौरान) में पालतू और जंगली जानवरों के आकार में अलग-अलग बदलाव हुए। अध्ययन के एक लेखक, एलोवेन एविन ने बताया कि जंगली प्रजातियों का आकार घटता गया, जबकि पालतू प्रजातियों का आकार बढ़ता चला गया।

जैसे-जैसे इंसानी बस्तियां फैलने लगीं, वैसे-वैसे हिरण, लोमड़ी, खरहा और खरगोश जैसी जंगली जानवरों की प्रजातियां जंगलों के कम होना या टुकड़ों में बंट जाने के कारण धीरे-धीरे छोटे होते गए। इसके अलावा मध्यकाल के दौरान शिकार बढ़ने से भी जंगली जानवरों का आकार छोटा होता चला गया।

दूसरी ओर पालतू जानवरों पर



इंसानों का नियंत्रण बढ़ने लगा। लोग उन्हें खास वजह से पालने लगे और चुन-चुनकर प्रजनन कराने लगे, जिस कारण पालतू प्रजातियों का आकार बड़ा होने लगा। भेड़, बकरी, गाय, सूअर और मुर्गियों जैसे पालतू जानवरों का आकार समय के साथ बढ़ता गया।

यह शोध दिखता है कि सभी प्रजातियों पर पर्यावरण का गहरा प्रभाव लंबे समय तक रहता है और साथ ही, पिछले हजार सालों में इंसानी गतिविधियों का असर भी बढ़ा है।

जानवरों के आकार के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिकों ने दक्षिणी फ्रांस के 311 जगहों से 2,25,780 हड्डियों का अध्ययन किया। ये हड्डियां पिछले 8,000 सालों की थी। हालांकि, शुरू में उनका इरादा केवल पालतू जानवरों का अध्ययन करने का था, क्योंकि यह शोध यूरोपीय अनुसंधान परिषद की एक परियोजना का हिस्सा है, जो पिछले आठ हजार सालों में पालतू पौधों और जानवरों में आए बदलाव पर केंद्रित था। लेकिन जब उन्हें जंगली जानवरों की भी ढेर सारी जानकारी मिली तो उन्होंने अपने शोध को बढ़ा दिया और एक बड़े पैमाने पर जंगली और पालतू जानवरों की तुलना संभव हो पाई।

एविन और उनकी टीम का मानना है कि इंसानों के विकास के साथ-साथ जानवरों के विकास को भी समझना जरूरी है ताकि हम अपनी ऐतिहासिक यात्रा को बेहतर समझ सके।

बायो-आर्कियोलॉजिस्ट एविन ने कहा कि पिछले कुछ हजार सालों में प्रकृति पर इंसानों का असर लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा, इंसान कैसे विकसित हुए और अन्य प्रजातियों व पर्यावरण के साथ मिलकर कैसे बदले, यह जानकारी हमारे आधुनिक समाज की जड़ों और विकास को समझने के लिए बेहद जरूरी है।❑

साक्षरता दिवस पर बीकानेर में संगोष्ठी

विश्व साक्षरता दिवस पर बीकानेर में जनसंपर्क कार्यालय और भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के संयुक्त तत्वावधान में 'डिजिटल साक्षरताः आज की आवश्यकता' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद ओमप्रकाश सारस्वत थे तथा भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के एसोसिएट सचिव राजेन्द्र जोशी ने की।

जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य मतदाता जागरुकता (स्वीप) समन्वयक डॉ. वाई. बी. माथुर, व्यंग्यकार-संपादक डॉ. अजय जोशी, शोधार्थी डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, इतिहासकार डॉ. फारुक चौहान, शिक्षक भवानी सोलंकी, चित्रकार योगेन्द्र पुरोहित तथा महेन्द्र जैन ने भी विचार व्यक्त किए। साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल जोशी ने किया।❑



















सहयोग राशि के लिए
बैंक विवरण

BANK OF BARODA
Rajasthan Adult Education Association
Branch Name : IDS Ext. Jhalana Jaipur
I.F.S.C. Code : BARB0EXTNEH
(Fifth Character is zero)
Micr Code : 302012030
Acct.No. : 98150100002077

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति
7–ए, झालाना संस्थान क्षेत्र,
जयपुर–302004

सबके गांधी

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति
7–ए, झालाना संस्थान क्षेत्र,
जयपुर–302004

12 पुस्तकों के एक सैट की सहयोग राशि रुपये 500/– मात्र डाक खर्च अलग से देय होगा।

स्वत्त्वाधिकारी राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति द्वारा क्लासीफाइड प्रिण्टर्स, जयपुर में मुद्रित तथा
7-ए, झालाना संस्थान क्षेत्र, जयपुर-302004 से प्रकाशित। संपादक- राजेन्द्र बोड़ा



"मेरे पास दुनिया को सिखाने के लिए कुछ भी नया नहीं है। सत्य और अहिंसा पर्वतों जितने पुराने हैं। मैंने बस इतना ही किया है कि जितने बड़े पैमाने पर हो सका दोनों पर प्रयोग किए हैं। ऐसा करते हुए, मैंने कभी-कभी गलतियाँ भी की हैं और अपनी गलतियों से सीखा भी है...

इस प्रकार जीवन और इसकी समस्याएं मेरे लिए सत्य और अहिंसा के अभ्यास के अनेक प्रयोग बन गई हैं।

ठीक है, मेरा सारा दर्शन, अगर इसे उस दिखावटी नाम से पुकारा जा सकता है, तो मेरे द्वारा कही गई बातों में समाहित है।

लेकिन आप इसे 'गांधीवाद' नहीं कहेंगे; इसमें कोई 'वाद' नहीं है। और इसके बारे में किसी विस्तृत साहित्य या प्रचार की भी कोई आवश्यकता नहीं है...

जो लोग मेरे द्वारा बताए गए सरल सत्यों में विश्वास करते हैं वे उन्हें जी कर ही प्रचारित कर सकते हैं।

मुझे ज़रा भी सन्देह नहीं है कि कोई भी पुरुष या महिला वह सब हासिल कर सकता है जो मैंने किया है, अगर वह वही प्रयास करे और वही आशा और विश्वास पैदा करे।"

– महात्मा गांधी